तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024



09 बीटीओए के समस्याओं को लेकर सांसद से मिले सदस्य





09 गो पालक संघ गोवंश के साथ रैली निकाल 3 अक्टूबर...






## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने किया विधायक आशाराम का भव्य स्वागत



**सरोना।** सिंगारवाही ग्राम में विधायक बनने के बाद पहली बार पहुँचे विधायक आशाराम नेताम का ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत करते हुए एक किमी तक बाजे गाजे के साथ विधायक को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। विधायक गांव के देवी-देवताओं का पूजा-अर्चना कर मिलन समारोह में भाग लिया और ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने विधायक को मांग पत्र सौंपा, जिसमें गांव की समस्याओं का उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, अनिता वटटी, उपसरपंच राकेश वटटी और ग्रामवासी शामिल हुए।

### भवन और रंगमंच के लिए किया भूमिपूजन



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कलंगपुरी में ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पुजारीपारा में सामुदायिक भवन 5 लाख एवं ग्राम कालागांव में रंगमंच भवन 3 लाख का भूमिपूजन किया गया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, जनपद सदस्य देवेंद्र टेकाम, मयाराम आँचला, सियाराम मंडावी वार्ड पंच, रघुनाथ मंडावी, सुदेश तोप्पा, प्रेमलाल यादव, उत्तम यादव, रामप्रसाद नरेटी, देवलु यादव, देवलाल यादव, मोहन यादव, दुखुराम मेडिया, मनाराम मेरिया, पूरन पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### स्कूली बच्चों को दी गई जानकारी



**कांकेर।** नरहदेव स्कूल में 28 सितंबर को एसपी आईके एलिसेला के आदेशानुसार एएसपी मनीषा ठाकुर रावटे, यातायात प्रभारी दीपक सॉव, सउनि महिला रक्षा टीम प्रभारी शशिकला साहू एवं यातायात टीम द्वारा बाल अपराध, साइबर परिदृश्य, यातायात सुरक्षा एवं बालको के अधिकार व कर्तव्य के संबंध में छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा किया गया। चर्चा उपरांत जिन बच्चों ने रूचि लेकर प्रश्नोतर किए उन बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, शिक्षकगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में छोटेबेठिया निवासी 28 वर्षीय सामंत साय मंडावी का 27 सितंबर को ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। ईलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अधेड़ की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कालीनगर निवासी 47 वर्षीय गोविंद मंडल का अज्ञात कारणो के चलते 27 सितंबर को मौत हो गया। कालीनगर पखांजुर निवासी 47 वर्षीय निर्मल मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत शराब के नशे में अज्ञात कारणो से हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# शुद्धता की जांच में लगते हैं महीनों, तब तक खप जाती है मिठाइयां, ऐसी कार्रवाई औचित्यहीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

सावन के बाद से ही पर्वों का दौर शुरू हो जाता है, ऐसे में मिठाईयों की मांग में भी इजाफा देखने को मिलता है, लेकिन क्या यह मिठाइयां पूरी तरह से शुद्ध है या इस पर कोई मिलावट है, इसकी गारंटी नहीं होती है। समय-समय पर खाद्य विभाग द्वारा इन मिठाइयों की गुणवत्ता जांच भी की जाती है, लेकिन मिठाइयों की जांच रिपोर्ट आने में एक महीने से अधिक का वक्त लग जाता है। ऐसे में आपके द्वारा खरीदी गई मिठाइयां गुणवत्तापूर्ण है या इसमें कोई मिलावट है, पता ही नहीं चल पाता और जिलेभर में सैकड़ों किलो मिठाइयां जांच रिपोर्ट आने के पहले खप जाती है। बाजार में उपलब्ध तरह-तरह की मिठाइयों में निर्माण करते समय क्या-क्या सामग्री मिलाई गई है, यह नियमानुसार खाद्य विभाग को हलवाई द्वारा बताना जरूरी है। हलवाई द्वारा बताई गई सामग्रियों के आधार पर ही फूड टेस्टिंग लैब में मिठाइयों की गुणवत्ता परखी जाती है। मिठाइयों को फ्लेवर देने के लिए तरह-तरह के एसेंस उपलब्ध है। गुलाब जल की जगह अब गुलाब एसेंस डाला जाता है। खुशबू के साथ मिठाइयों के स्वाद के लिए भी एसेंस का उपयोग किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाईयां की गुणवता जांचने के लिए इसे फूड टेस्टिंग लैब को भेजा जाता है, लेकिन प्रदेश में राजधानी रायपुर में ही एकमात्र फूड टेस्टिंग लैब है, जहां इन सैंपलों को भेजने के बाद रिपोर्ट के इंतजार में ही महीने-डेढ़ महीने लग जाते हैं, तब तक पर्व में सैकड़ो किलों मिठाई बिक जाती है।

## उपभोक्ता की सेहत से हरहाल में होता है खिलवाड़



### मूंगफली से बन रहा काजू और पिस्ता

मिठाइयों पर छोटे-छोटे टुकड़ों में नजर आने वाला काजू और गहरे हरे रंग का पिस्ता भी असल काजू और पिस्ता नहीं होता है। मूंगफली के दानों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इसे काजू के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। मूंगफली को पानी में भिगोने के बाद इसे पतले और लंबे आकार में काटकर इसमें रंग मिलाकर पिस्ता बना दिया जाता है। जानकारी के अनुसार बड़े पैमाने पर इस नकली पिस्ते की सप्लाई नागपुर से की जाती है।

## दुर्घटना : कोदाभाट के आगे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को लिया चपेट में

# कांकेर-सरोना मार्ग के हादसे में एक की मौत, वाहन व फरार चालक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लगातार विशेषज्ञ काम कर रहे है, परंतु हर दूसरे दिन दुर्घटना में कम से कम एक की मौत हो रही है। कांकेर से सरोना मार्ग पर कोदाभाट के आगे अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को अपने चपेट में लिया, जिसमें बाईक चालक की घटनास्थल पर ही जान चली गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाएं, वहीं परिजनों ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

■ इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसे में हर दूसरे दिन एक की मौत

जानकारी के अनुसार कोदाभाट निवासी मंगऊराम पिता स्व. सोनसाय मरकाम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 - 3545 से कांकेर शहर की ओर 29 सितंबर को सायं सवा 5 बजे आ रहा था, वहीं कांकेर की ओर से एक अज्ञात वाहन सरोना की ओर जा रहा था। अज्ञात वाहन ने मंगऊराम की मोटर सायकल की बाईक को ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया, जिससे मृतक मंगऊराम उसी जगह सड़क पर गिर गया और सिर पर गंभीर चोट आने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली, पुलिस मौके पर पहुँची और वहाँ पर प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन की पहचान की जानकारी दिया, उसी के आधार पर पुलिस ने सरोना के कुछ लोगों का और दुधावा चौकी को घटना की जानकारी दिया। पुलिस मौके पर पहुँचकर मोटर सायकल को थाना लाई और शव को अपने ही वाहन में डालकर जिला अस्पताल लेकर गए और चिकित्सकों ने जाँच कर मृत घोषित कर दिया। कोदाभाट की घटना होने के कारण घटना की जानकारी उसके परिजनों को दिया गया और परिजन तत्काल थाना पहुँच गए। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचुरी में रखवाया वहीं परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वाहन ▸▸ शेष पेज 8 पर



### अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही उजागर

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि अज्ञात वाहन चालक सामने आ रही मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया है। एक्सीडेंट को देखकर ऐसा लग रहा है कि अज्ञात वाहन चालक ने मोटर सायकल चालक को जानबूझकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया है। ऐसे वाहन चालकों पर अब नए कानून के तहत कार्यवाही किए जाने की जरूरत है, तभी ऐसे लापरवाही वाहन चालक के होश ठिकाने आएंगे, तभी लगातार हो रहे हादसों पर कमी आएगी।

### बाइक ने बाइक को पीछे से ठोका, तीन गंभीर

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे भीरागांव निवासी 29 विर्षीय सुरेश कुमार यादव पिता छेरकूराम यादव ने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर को सुबह मेरी चाची धरमो बाई मंडावी के साथ छोटी बहन सुरेखा यादव का ईलाज कराने के लिए मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एक्स 8758 से संबलपुर ले गया था। संबलपुर से सुरेखा यादव का वैधराज से ईलाज कराकर वापिस आ रहे थे कि सुबह लगभग 11 बजे ईमलीपारा संबलपुर के पास पीछे से आ रही अज्ञात मोटर सायकल, जिसमे बायलर टोकरी लदा हुआ था के द्वारा अपने वाहन मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से हम लोग तीनो मोटर सायकल सहित गिर गए। गिरने से मेरे दोनो हाथ, दाहिना पैर, छाती में चोट लगा है एवं मेरी बहन सुरेखा यादव के दोनो पैर के घुटना, पैर की उंगली, बांए हाथ के कोहनी में व चाची के सिर, दाहिना हाथ के कोहनी मे चोट लगा है। मोटर सायकल चालक एक्सीडेंट करके भाग गया। तीनो को निजी वाहन से शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर मे लाकर भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर कल, सेवादार कर रहे प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में शामिल होने के लिए फाउंडेशन के पदाधिकारी आमजनता के मध्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत है।

अघन नगर में स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में 1 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और लोग जागरूक होकर रक्तदान करने के लिए आते है। रक्तदान के लिए जागरूकता लाने के लिए मिशन के सेवादारों द्वारा डोर टू डोर प्रचार किया जा रहा है एवं बाइक रैली व लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है सभी आम जनमानस से आव्हान है कि इस मानवता के पावन पुनीत कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर रक्तदान जरूर करें। रक्तदान करने को लेकर लगातार होने वाले शिविरों के कारण रक्तदान को लेकर अब लोग सामने आने लगे है, पहले रक्तदान करने के लिए लोगों में भय की भावना बनी रहती थी। समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा इस तरह के शिविर के आयोजन किया जाने से अब लोग रक्तदान करने के लिए लगातार जागरूक हो गए है। रक्तदान को लेकर लगातार जागरूकता बढ़ती जा रही है और अब तो ऐसा हो गया है कि वाट्सएप ग्रुप में मैसेज करने के उपरांत लोग रक्तदान करने के लिए स्वमेव अस्पताल पहुँच जाते है। मैसेज करने वाले व्यक्ति को कॉल करके बताते है कि हम रक्तदान करने को तैयार है, ऐसा होने से जीवन मौत से लड़ने वालों को समय से रक्त मिल जाने पर जीवन बचाया जा रहा है, जो बहुत ही पुण्य का काम साबित हो रहा है।



# जिला न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 29 सितंबर को सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अगुवाई में न्यायालय परिसर में साफ सफाई की गई, जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तगण और कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर परिसर की सफाई किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना, दैनिक आदतों में स्वच्छता को शामिल करना और स्वच्छ तथा स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। न्यायालय परिसर को स्वच्छ रखना न केवल न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है, बल्कि अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और पक्षकारों की भी यह विशेष दायित्व है। कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किया गया था, जो महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

# क्रांतिकारी विचार मंच ने शहीद भगत सिंह की मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर

पखांजुर में भगत सिंह की जयंती विभिन्न स्थानों पर मनाया गया और उनके विचारों से बच्चों व आमजनता को बताया गया। बच्चों को जोड़ने का प्रयास गोंडाहुर में किया गया वहीं पखांजुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजूर द्वारा जंगो रायतार गोंडी स्कूल नवां गोंडाहूर के प्रांगण में शहीद भगत सिंह कि जयंती बच्चों के साथ मनाया गया और उन्हें भगत सिंह और उनके विचारों बारे में बताया गया। इस अवसर पर पुष्प अर्पित कर और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजंलि दी एवं इंक़लाब ज़िंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, शहीद भगत सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों को पेन और चॉकलेट भेंट किया। स्कूली शिक्षक संजीता वड्डे, सुनील सलाम, रविशंकर सलाम, संयोजक सुखरंजन ▸▸ शेष पेज 8 पर

# जन्म-मृत्यु सहित अन्य प्रमाणपत्रों को समय पर बनाएं, सीएस की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन रविवार 29 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी कलेक्टर्स की बैठक लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जिलेवार विस्तृत समीक्षा किया। मुख्य सचिव ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक आमजनता की जरूरत के सभी प्रमाण पत्र आमजनता को समय पर उपलब्ध कराने और हितग्राहियों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाकर सभी कलेक्टर्स कार्य करें। वर्चुअल समीक्षा बैठक कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने एनआईसी कक्ष में हिस्सा लिया।

■ मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली



मुख्य सचिव ने रविवार 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित वीसी के माध्यम से विभिन्न एजेंडों पर समीक्षा करते हुए कहा कि सहकारी समिति के गठन के एक-एक अधिकारी स्वयं गांव में जाकर समिति गठन की प्रक्रिया पूरी कराएं। इस कार्य में अन्य विभागों का सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने देश भर में 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिलों में चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता लक्षित इकाई, सफाई सुरक्षा मित्र, स्वच्छता में जनभागीदारी सहित संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी गतिविधियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र अंतर्गत ठोस और तरल कचरा प्रबंधन हेतु ▸▸ शेष पेज 8 पर

### जिलास्तरीय समिति की नियमित हो बैठक

मादक पदार्थो पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय समिति का हर महीने नियमित बैठक आयोजित हो। नशे की डिमांड पर नजर रखें और इस अभियान में स्वयं सेवकों, एनएसएस और रेड रिबन क्लब को भी शामिल करते हुए सतत जनजागरूकता अभियान चलाएं।

## पंडाल और देवी मंदिरों को संवारा जा रहा मां शारदा के लिए

# शारदीय नवरात्रि 3 से, देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नवरात्र पर्व के लिए जहां मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है, वहीं दूसरी ओर मूर्तिकारों ने देवी प्रतिमाओं को पूर्ण करने जुट गए हैं। अंचल के अधिकांश मूर्तिकार इन दिनों देवी प्रतिमाएं बनाने के लिए जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि 3 अक्टूबर से नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहा है, जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। पर्व के लिए अंचल के देवी मंदिरों में भी साफ सफाई सजावट सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी गई है।

■ ज्योति कलशों की स्थापना की तैयारी, इस बार घी कलश को लेकर संशय

नवरात्र पर्व पर पूजा समितियों द्वारा देवी मां की मूर्तियां पूजा पंडालों में स्थापित किए जाने की प्रारंभिक तैयारियां की जा रही है। इधर अंचल के मूर्तिकार पूर्व में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं बनाने के बाद अब मां दुर्गा की मूर्तियां बनाने जुट चुके हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि इन दिनों मौसम बेहतर होने से मूर्तियों को सुखाने के लिए किसी प्रकार की मशक्कत नहीं करनी पड़ रही है। वर्तमान में अधिकांश मूर्तिकार मिट्टियों से मूर्तियां बना चुके हैं। आगामी दिनों में रंग-रोगन एवं साज-सजावट का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बाजार में नवरात्रि से ही चहल पहल का दौर शुरू होने की संभावना को देखते हुए व्यवसायियों ने भी दुकानों में पर्व संबंधी समाग्रियों के अलावा अन्य सामान की पर्याप्त स्टाक करना शुरू कर दिया है। नवरात्र में ज्योति कलश सहित अन्य मिट्टी के पात्रों की दुकाने लगभग सज चुकी है, वही साज सजावट की भी दुकाने सजी हुई है, लेकिन पितृ पक्ष को देखते हुए इन दिनों बाजार में चहल पहल कम है खरीदी करने वाले कम ही पहुंच रहे है।



### पितृपक्ष समाप्त होते ही शुरू होंगे शुभ कार्य

ज्ञात हो कि पितृपक्ष 17 सितंबर से प्रारंभ हुआ था और 2 अक्टूबर को खत्म होगा। पितृपक्ष के चलते नए एवं शुभ कार्यों पर भी विराम लगा हुआ है। पितृपक्ष के समाप्त होते ही शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। नवरात्र पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। नवरात्र पर्व के साथ ही लगातार पॉं की श्रृंखला शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों की व्यस्तता एवं बाजार में चहल-पहल का वातावरण बना रहेगा।

### मंदिर पहुंचेंगे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं नवरात्र पर्व पर स्थापित की जाती है, वहीं जिले के मंदिरों में दर्शन करने के लिए प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। प्रशासन ने भी तैयारियां प्रारंभ कर दी है।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप




### प्रशिक्षुक नंदकुमार ने 81 वर्षीय महिला के लिए किया रक्तदान

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक नंदकुमार नाइक ने 81 वर्षीय जरूरतमंद महिला के लिए 28 सितंबर को रक्तदान किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने जानकारी दिया कि निशुल्क प्रशिक्षण लेने वाले युवक एवं युवतियों द्वारा कोंडागांव जिले में जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता होती है, यहां भी संपर्क किया जाता है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले युवक–युवतियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाता है।

### रंजीता ने जीता गोल्ड व सिल्वर, योगिता ने रजत

**कोण्डागांव।** त्रिसूर केरल में 'चतुर्थ खेलों इंडिया वूमेन्स लीग जूडो प्रतियोगिता–2024' 23 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित की गई। जिले की 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा जूडो में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा जूडो प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 1 गोल्ड एवं 2 रजत पदक प्राप्त किए हैं। रंजिता कैरोट ने कैडिट वर्ग में स्वर्ण पदक के साथ जूनियर वर्ग में रजत पदक भी प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में योगिता मंडावी नें रजत पदक प्राप्त किया है। सेनानी 41वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रयासों के तहत जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम वाहिनी स्तर पर लगातार चलाया जा रहा है।

**आयोजन :** जैतपुरी एनएसएस इकाई ने बनाई मानव श्रृंखला, सरपंच फूलमती ने लगाई झाड़ू

# मेगा स्वच्छता अभियान चलाकर दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रविवार को मेगा स्वच्छता ड्राइव का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में ग्राम जैतपुरी की सरपंच फूलमती नेताम मौजूद रही। सर्वप्रथम केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त स्वच्छता किट का वितरण सभी स्वयंसेवकों को किया गया। स्वयंसेवको ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया एवं स्वच्छता शपथ लेते के पश्चात मेगा स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाते हुए ग्राम जैतपुरी के स्वास्थ्य आरोग्य केंद्र उचित मूल्य की दुकान, एवं बस स्टैंड जैतपुरी में का स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई अपशिष्ट पदार्थों, गुटका पाउच पॉलीथिन प्लास्टिक एकत्र कर नष्ट कर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया सरपंच फूलमती नेताम रास्ट्रीय सेवा योजना जैतपुरी के स्वयंसेवकों के साथ शामिल होकर साफ सफाई में हाथ बंटाया। अपने उद्बोधन में स्वच्छता को जीवन में प्रतिदिन के स्वभाव में शामिल करने एवं एक अच्छी आदत के रूप में अपने के लिए प्रेरित किया।

■ स्वास्थ्य आरोग्य केंद्र, बस स्टॉप में की गई साफ सफाई




**नशे के दुष्प्रभाव विद्यार्थियों को बताया**

कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के मूल वाक्य को जीवन में अपनाने एवं प्लास्टिक मूक मुक्त भारत अभियान में सहभागी बनने की अपील इसके दुष्प्रभाव से छात्र–छात्राओं को बचने की सलाह दी गई। साथ ही नशापान के सामाजिक बुराइयों एवं उसके शारीरिक दुष्प्रभाव सामाजिक प्रभाव से सावधान किया।

जिला संगठक शशि भूषण कनौजी, प्राचार्य राजकुमार रामटेक के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से लगातार जारी है। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से जैतपुरी की सरपंच फूलमती नेताम, दल नायक शुभम मरकाम, दल नायिका भवानी नेताम, विजय नेताम आदि स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वच्छता ही सेवा, उप डाकघर परिसर में की गई साफ सफाई





केंद्र शासन के विशेष अभियान 'स्वच्छता ही सेवा 4.0' के अंतर्गत 29 सितम्बर रविवार को उपडाकघर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया गया। इस मौके पर उपसंभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने कहा अपने आसपास को साफ सफाई रखना मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साफ सफाई के लिए कोई निश्चित तिथि की आवश्यकता नहीं है। समय समय पर साफ सफाई करते रहना चाहिए। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम सार्वजनिक स्थानों में किसी प्रकार गन्दगी न फैलाएं। स्वच्छता ही सेवा के मौके पर उपडाकपाल शेख रुहुल ताज, उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव सुभाष भूआर्य, डाक सहायक दयाराम ध्रूरव, नईम खान, सन्दीप राव, हरेंद्र यादव, डिकेश मिर्झा, देव कुमार कौशल, कुश पांडे, कुंदन, नीतीश, आदिल अहमद, अनिल पटेल ने श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया।

### लिलेझर स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने निकाली स्वच्छता रैली




**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल लिलेझर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक भव्य स्वच्छता रैली का आयोजन किया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार से गुजरते हुए गांधी चौक तक पहुंची। स्वयंसेवक हाथों में स्वच्छता के संदेश वाली तख्तियाँ लिए हुए थे, जिसमें स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न नारे लिखे गए थे। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को साफ-सफाई के महत्व और बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता की आदतों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी अमित सक्सेना की अगुवाई में आयोजित इस रैली में ग्राम पंचायत के पंच हरदेव बगमरिया और अन्य ग्रामीणों ने भी भाग लिया। उपस्थित लोगों ने इस मुहिम की सराहना की और इसे गांव के स्वच्छता स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**सफाई को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प**

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले, व्याख्याता राजेश कोमरा, महादल नायक पुष्पेंद्र एवं पूर्वा भी से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### पैराडाइज स्कूल के छात्र- छात्राओं ने किया स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरुक

**कांकेर।** स्वच्छता ही सेवा है 2024 के इस महा अभियान के अन्तर्गत पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शहर के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता एवं जागरुकता का कार्यक्रम किया जाना है। स्कूल के छात्र-छात्राएं स्वच्छता के प्रति लोगों की सामाजिक चेतना को जागृत कर रहे है। पैराडाइज के हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा 28 सितम्बर को भण्डारीपारा एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी इमलीपारा के आसपास कूड़े कचरे की साफ-सफाई की गई। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के नैतिक दायित्वो को निभाते हुए उत्साहपूर्वक साफ-सफाई मे भाग लेकर आसपास की तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्कूल के मिडिल से हायर सेकेण्डरी तक के छात्र-छात्राएं इस कार्यक्रम के द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर उन्हें स्वच्छता की एक अच्छी आदत निर्माण करने मे जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और जो हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, यह संदेष लोगो को देने में बहुत ही रूचि दिखा रहें है।



**इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान**

स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा 2024 के इस महा अभियान में पैराडाइज स्कूल में सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता की आदत को अपनाने और इसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा एवं आदि शिक्षको का योगदान रहा।

## पुरखा के सुरता कार्यक्रम में हुए कांकेर के कलाकार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

प्रदेश के लोक कलाकार कल्याण संघ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पुरखा के सुरता लोक महोत्सव एवं सम्मान समारोह अहिवारा दुर्ग में 29 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया।



दाऊ मंदराजी छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत में जहां दाऊ मंदराजी, रामचंद्र देशमुख का नाम लिया जाता है, वहीं नाचा-गम्मत को नाचा कलाकारों के साथ उसे रंगकर्म के रूप में विश्व विख्यात बनाने का श्रेय समस्त हमारे सियान कलाकारों को जाता है, जिसने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ के कलाकारों की पहचान पूरी दुनिया में कराई। पुरखों के नाटकों की एक सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने अपने अधिकतर नाटकों में छत्तीसगढ़ी लोक गीतों और पहनावा का प्रयोग किया। छत्तीसगढ़ी नाटकों में यह प्रयोग तो देखने में मिलता ही है, हिंदी के कई नाटकों में भी उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का समावेश किया। पुरखा कलाकारों ने नाटकों में पंथी, पंडवानी, भरथरी, गौरा-गौरी, जस गीतों का विशेष आकर्षण देखने को मिलता है, इसके साथ ही उन्होंने करमा और ददरिया के कई पारंपरिक गीतों को अपने नाटकों में भरपूर स्थान दिया है, जहाँ अलग अलग संभाग से कलाकारों ने अपनी वेशभूषा मे प्रस्तुति दिया। छतीसगढ़ के वरिष्ठ कलाकारों को छत्तीसगढ़ प्रदेश लोक कलाकार कल्याण संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला के कलाकार एवं लोक कलाकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष परमानन्द कावड़े, संघठन मंत्री मुकेश साहु, दुर्गुकोंदल ब्लॉक सचिव नरेश दीवान एवं जिला मिडिया प्रभारी विकास राजु नायक शामिल हुए।

## पेसा कानून एवं वनाधिकार मान्यता कानून पर ग्राम डांगरा में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

मेरे गाँव में मेरी सरकार इस बुलंद नारे के साथ दुर्गुकोंदल के ग्राम डांगरा में पेसा कानून और वनाधिकार मान्यता अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। लोगों को कानून के बारे में कई अहम जानकारी मिली।

■ ग्रामसभा के माध्यम से करना है ग्राम स्वराज की स्थापना : कांगे

वक्ता अश्वनी कांगे ने उपस्थित लोगों को इन दोनों ही कानूनों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजों के शासन के समय अबुआ दिशुम, अबुआ राज का नारा दिया था। पंचायत उपबंध 1996 के संबंध में बताते हुए कहा कि पारंपरिक ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम स्वराज की स्थापना करना है। उदारीकरण की नीति के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएँ मुहैया कराने की जिम्मेदारी सरकारों की थी, यहाँ के समस्त संसाधनों के उपभोग के एवज में आवश्यक सभी सुविधाएँ दी जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोकसभा, विधानसभा और ग्रामसभा को परिभाषित करते हुए कहा कि 11 वीं अनुसूची में 29 विषय दिए गए, नगरीय क्षेत्रों के लिए 18 विषय दिए गए। यह देश संविधान से चलता है इसमें 4 भौगोलिक क्षेत्र को स्वीकार किया गया था, ऐसे क्षेत्र जहाँ आदिवासी लोग रहते हैं 5 वीं व 6 वीं अनुसूचित क्षेत्रों में सामान्य क्षेत्र के कानून लागू करना अपवाद हैं। 11 वीं अनुसूची के अंतर्गत ग्रामसभा का निर्णय सर्वोपरि है। पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 यानि पाँचवीं अनुसूची के अन्तर्गत किसी भी क्षेत्र को एक अनुसूचित क्षेत्र के रूप में घोषित करने के लिए निम्न मानदंड हैं, जनजातीय आबादी की प्रधानता, क्षेत्र की सघनता और उचित आकार, जिला, विकासखंड या तहसील के रूप में एक व्यवहार्य प्रशासनिक इकाई और पड़ोसी क्षेत्रों की तुलना में क्षेत्र का आर्थिक पिछड़ेपन। एक राज्य के संबध में अनुसूचित क्षेत्र संबंधित राज्य सरकार से परामर्श के बाद, राष्ट्रपति के अधिसूचित आदेश द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है। किसी भी परिवर्तन, वृद्धि, कमी, नए क्षेत्रों को शामिल करने या रद्द करने जैसे अनुसूचित क्षेत्रों से संबंधित किसी भी आदेश के मामले में यही प्रक्रिया लागू होती है।



## आदिम जाति सरोना समिति की आमसभा में समिति प्रबंधक किए गए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सरोना में आमसभा का आयोजन मंडी परिसर में किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक केशव नाग द्वारा 20 वर्षों से समिति को सेवा दे रहे हैं। किसानों की धान खरीदी का संचालन सही ढंग से हो रहा है उसके लिए किसानों ने श्रीफल देकर समिति प्रबंधक को सम्मानित किया। समिति प्रबंधक के कार्यकाल को 5 साल और बढ़ाने की मांग की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व समिति अध्यक्ष सियाराम शोरी ने कहा कि केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसमें किसानों को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से बिना ब्याज से लोन खाद बीज उपलब्ध करा रही है। किसानों के धान को समर्थन मूल्य में खरीद रही है। इस अवसर पर समिति प्रबंधक केशव नाग द्वारा आय व्यय की जानकारी किसानों को दीएवं 2024-25 का बजट पत्रक पारित किया गया।

■ किसानों ने कार्यकाल 5 साल और बढ़ाने की मांग की

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर भाजपा नेता अजय हिरवानी, अनिल गजपाल, रामभरोस मंडावी, देवलाल, नारदराम, आदेशराम कोराम, परदेसी बघेल, पीला राम यादव, जेवा लाल मरकाम, कांकेर अधिकारी सिंग, पूर्व जिला सहकारी प्रबंधक सुरेश यादव उपस्थित रहे।

कक्षा में प्रथम, द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

# हाईस्कूल बिंजोली में छात्राओं को साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के माकड़ी विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल बिंजोली में अध्यनरत कक्षा नवमीं की पंद्रह छात्राओं को निशुल्क सरस्वती योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल वितरण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोड़ा एवं उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल मौजूद रहे।

■ सुविधा मिलने से छात्राएं चहक उठीं खिले चेहरे

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने कहा कि शासन गरीब,मजदूर व किसान की बेटियों को घर से स्कूल आने के लिए कोई तकलीफ ना हो व पढ़ाई से वंचित न रहे और अच्छा पढ़–लिखकर आगे बढ़े व अपनी भविष्य को सही दिशा प्रदान करें। इसके लिए हर वर्ग को हरसंभव मदद करता है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी बच्चों को सुबह पांच बजे उठकर पढ़ाई करने की बात कहीं। चाहे कोई भी किताब हो या न्यूज़ पेपर हो, प्रतिदिन कम से कम एक घंटा पढ़ाई करने की आदत बननी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी,राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी भी अध्ययन करने की सलाह दी। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत किए जाने वाले शासकीय कार्यक्रम व एक पेड़ मां के नाम लगाने की बात कही।





सत्र 2023–24 में कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किए कुमारी मनीषा नेताम 86.14 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान पर पूनम बघेल 85 प्रतिशत एवं देवी चंद बघेल 85 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। उन तीनों विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत बिंजोली के सरपंच अनिता चंदूलाल बघेल ने प्रथम पुरस्कार 1000 एवं द्वितीय पुरुस्कार दोनों विद्यार्थियों को 500–500 रू पुरस्कार प्रदान किया गया। इस बार भी जो विद्यार्थी प्रथम स्थान आएगा सरपंच की ओर से 2000 एवं द्वितीय स्थान वालों को 1000 रुपए पुरुस्कार देने की घोषणा की। हाई स्कूल शाला प्रबंधन अध्यक्ष कुर्सो नाग एवं सदस्य सेनापति बघेल की ओर से जो कक्षा दसवीं में 80 प्रतिशत के साथ जो भी विद्यार्थी उत्तीर्ण होगा उन सभी विद्यार्थियों को क्रमशः 500 रुपए पुरस्कार देने की घोषणा किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर सुदर बघेल, जसवंत श्रीवास्तव, छतोड़ी सरपंच बैसाखू कोर्राम, बीजापुर सरपंच गौरचंद बघेल, भूतपूर्व क्षमतापुर सरपंच सुशेन बघेल, रंजीत बघेल, नीलांबर बघेल, सोनबारू बघेल, समदु बघेल, देवी सिंग मंडावी, सुखराम मंडावी, कनक बघेल, डालिमा नाग, सोनबरी नाग, सेमलाल कश्यप, धनेश्वर महावीर, हेमसागर नाग, हाई स्कूल प्राचार्य नरेंद्र कुमार राठौर, सीएससी विशंभर बघेल व्याख्याता निशा मंडावी, जागृति चंद्रा, रामलाल वर्मा प्रधान अध्यापक सुदामा नाग, नारद साहू, जहेंद्र कोलेन्द्र, भोलानाथ सूर्यवंशी, सरित बघेल, नीलांबर देवांगन, विनोद कौशिक, रविंद्र करचाम एवं सभी एसएमडीसी सदस्य व गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चारामा पुलिस ने पुरी पेट्रोल पंप की चेकिंग, सुरक्षा संबंधी दिए निर्देश

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के पुरी के पेट्रोल पम्प का पुलिस ने 28 सितंबर को जांच की। चारामा से कोरर मार्ग में पड़ने वाले एकमात्र पेट्रोल पम्प ग्राम पुरी की सुरक्षा संबंधी चेकिंग की गई। पंप मालिक को सुरक्षा के लेकर कई अहम जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके ऐलिसेला के निर्देशन, एएसपी मनीषा रावटे, एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चारामा दिलेश्वर चन्द्रवंशी के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान पेट्रोल की शुद्धता फिल्टर पेपर के माध्यम से तथा पेट्रोल कम ज्यादा के लिए 5 लीटर के मापक यंत्र से चेक किया गया। पेट्रोल पम्प में लगे फायर बाटल की वैधता अवधि, रेत बाल्टी भरा हुआ, पेय जल व्यवस्था, शौचालय की साफ सफाई , सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया। पेट्रोल पम्प में लगे फायर बाटल खाली होने से उस भरवाने, हवा भरने का मशीन खराब होना पाए जाने से उसे अतिशीघ्र बनवाने एवं सीसीटीव्ही कैमरा सड़क को कवर नहीं करते पाए जाने पर उसे ठीक से लगाने की हिदायत दी गई। पेट्रोल पम्प के सभी कर्मचारियों एवं ग्राहकों को सुरक्षा संबंध में पेट्रोल डीजल भरते एवं भरवाते समय मोबाइल फोन बंद रखे, बीड़ी सिंगरेट न पीने और गाड़ी को बंदकर पट्रोल भरवाने समझाइश दी गई। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका पर तत्काल चारामा पुलिस को सूचित करने समझाइश दी गई। दो जगहों पर थाना चारामा का मोबाइल नंबर 9479194110 व कंट्रोल रूम कांकेर 9479194199 को चस्पा करने का समझाइश दी। चेकिंग के दौरान थाना चारामा के सहायक उप निरी भकेश राम पटेल, आरक्षक बलराम सिन्हा, विष्णु मण्डावी, अनिल जैन, मआर अनिता जुर्री, उपस्थित रहे।



### पेज 7 के शेष

**कांकेर-सरोना मार्ग...**

चालक एक्सीडेंट करके भाग गया और रूका नहीं है, इस अज्ञात वाहन चालक पर हिट एंड रन का माला दर्ज होता है या सामान्य एक्सीडेंट दर्ज होगा, यह पुलिस ही स्पष्ट कर पाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कुछ भी बयान नहीं दिया। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

**क्रांतिकारी विचार मंच...**

उसेंडी एवं क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष हरपाल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. जोजो, सह सचिव चमन बक्शी, कार्यकरणी सदस्य अशोक उर्वशा, रिखी भुआर्य, मोहम्मद जुनैद अख़्तर, कार्तिक नागवंशी, प्रशांत सिन्हा उपस्थित रहे। भगत सिंह चौक पखांजूर में आयोजित कार्यक्रम में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसमें मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि भगत सिंह के विचार देश मे धर्म और जाति के नाम लड़वाने वाली साम्प्रदायिक ताक़तों, फ़ासीवादी ताक़तों के ख़िलाफ़ थे। उनके विचार देश के मेहनतकश मजदूर, किसान के शोषण के ख़िलाफ़ थे। उनका सपना भारत को एक समाजवादी वतन बनाना चाहते थे, न कि किसी धर्म विशेष का। कार्यक्रम स्थल में परिचर्चा में योगेश जुर्री, महेश्वर शर्मा, अशोक उर्वशा, चमन बक्शी, शिवाजी पांडे, हरपाल सिंह शामिल रहे।

**जन्म-मृत्यु सहित...**

किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। बैठक में डिजिटल फसल सर्वेक्षण, जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, मुख्य मार्गों से पालतू एवं आवारा पशुओं को हटाने के कार्य का प्रभावी क्रियान्वयन, राशनकार्ड का ई केवायसी, खरीफ़ विपणन में धान उठाव सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

खबर संक्षेप

## माशा का पोषण वाटिका लोगों के लिए आकर्षण



**भोंड।** विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत कुड़कानार में स्थित माध्यमिक शाला का पोषण वाटिका लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है। यहां पर विभिन्न साग-सब्जियों का उत्पादन जैविक खाद से किया जा रहा है, जिसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अन्तर्गत बच्चे स्वयं उपभोग करते हैं और इस प्रकार उन्हें अतिरिक्त पोषण आहार प्राप्त हो रहा है। शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव एवं शिक्षक नीरज कुमार कुन्जाम के मार्गदर्शन में जुलाई 2024 में तैयार की गई। इस पोषण वाटिका का बच्चों के पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं खण्ड स्तर के अधिकारियों के द्वारा अवलोकन किया जा चुका है और जिसकी सराहना भी हुई है। माध्यमिक शाला कुड़कानार के इस पोषण वाटिका में वर्तमान में लौकी, बैंगन, सेम, टमाटर, हल्दी, कुंदरू, धनिया, मेथी, पालक, मिर्च और अरबी-कोचई लगाई गई है, जिसे बच्चों द्वारा उपयोग किया जा रहा है। बाजार के रासायनिक उर्वरकों से उत्पादित सब्जियों के बजाय बच्चे स्वयं के द्वारा जैविक खाद से उत्पादित सब्जियों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे उनके सेहत में सुधार आया है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी हुआ है। इस वाटिका में फलदार पौधे कटहल, मुनगा, पपीता, अमरूद, जामुन, बेल, नारियल, आंवला, आम, नींबू, इमली एवं सीताफल इत्यादि के पौधे भी लगाये गए हैं। इसके अलावा शाला परिसर मे कई प्रकार के सजावटी पौधे भी लगाये गये हैं।

## सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक कुरसम रमेश के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती कुरसम सरिता को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## जिले में हो रहे विभिन्न गतिविधियां

**दंतेवाड़ा।** जिले में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान, इसका का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिसके तहत आज जिला मुख्यालय पुराना ग्रंथालय में स्वच्छता से संबंधित वॉल पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन द्वारा उक्त कार्यक्रम सम्मिलित होकर कार्यक्रम का प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया गया। चूंकि स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत समुदाय की भूमिका सरकारी प्रयासों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अतः सम्पूर्ण जिले में युवोदय के वॉलेंटियर नियद नेल्लानार पंचायत के समन्वयक के द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला, पेटिंग, शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, क्या स्वच्छता अभियान में इस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विभिन्न स्वच्छता के गतिविधियां आयोजन किया जा रहा है।

### अध्यक्ष सोनी ने 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

# बीटीओए के समस्याओं को लेकर सांसद से मिले सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला ट्रक ओनर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तरुण प्रकाश सोनी, सचिव मनोज सिंह एवं बीटीओए के सदस्यों ने किरंदुल बचेली दौरे पर आए बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं विधायक चेतराम अटमी से मुलाकात कर अपनी 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया। जिसमें उन्होंने संस्था में 1000 स्थाई सदस्य जिनकी 1512 ट्रक संचालित हो रही है, जिसमें एनएमडीसी का लोह अयस्क संस्था के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। जिसमें परिवहन हेतु विभिन्न प्रकार के समस्याओं से संस्था को जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने अपने मांग पत्र में एनएमडीसी किरंदुल बचेली से जितने भी कंपनियों को लोह अयस्क दिया जा रहा है उनका 40 प्रतिशत परिवहन बीटीओए के माध्यम से करने की मांग रखी बचेली एनएमडीसी सड़क मार्ग से डीआरसीएलओ लोह अयस्क का परिवहन जल्द जल्द प्रारंभ करने ,जेएसडब्ल्यू कंपनी द्वारा किरंदुल बचेली से रेल मार्ग द्वारा लोह अयस्क का परिवहन किया जा रहा है, जिसमें से 40 प्रतिशत लोह अयस्क सड़क मार्ग ट्रक से परिवहन कर स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात कही, मुख्य मार्ग से एनएमडीसी लोडिंग बिंदु तक सड़क जर्जर हो चुकी है जिसके आर सीसी निर्माण जल्द से जल्द करने की मांग रखी, किरंदुल बचेली में संस्था की 1512 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्थान नहीं होने के कारण गाड़ियों सड़क के किनारे खड़ी करने में विवश है अतः शासन से पार्किंग के लिए स्थान आवंटित करने की मांग रखी, फॉरेस्ट डीपी को पूर्व की भांति ट्रक लोडिंग के लिए उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को अवगत कराया गया है, जिसका निदान जल्द से जल्द करने के लिए बस्तर सांसद से अनुरोध किया गया। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सारी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बचेली महाप्रबंधक को इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही नहीं तो जल्द एनएमडीसी चेक पोस्ट में धरना देने का अल्टीमेटम दिया और संस्था का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। दौरान बीटीओए अध्यक्ष तरुण प्रकाश सोनी सचिव मनोज सिंह, मनोज साहा, राहुल असरानी, सुमित भदौरिया, बिप्लव मल्लिक, रवि भदौरिया, सतीश प्रेमचंदानी, सूरज जायसवाल, विक्रम अग्रवाल एवं अनेक सदस्य मौजूद थे।

## बंदियों को विधिक अधिकारों से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर




प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता दंतेवाड़ा के द्वारा संतोष तिवारी न्यायाधीश कुटूम्ब न्यायालय दंतेवाड़ा एवं श्रीमति अपुरवा दांगी सचिव जिला विधिक प्राधिकरण तथा ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर / अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर की उपस्थिति में 29 सितम्बर को जिला बीजापुर के न्यायिक अभिरक्षा उप जेल बीजापुर का निरीक्षण किया गया।

विजय कुमार होता अध्यक्ष जिला विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा अश्वनी कुमार शुक्ला सहायक जेल अधीक्षक बीजापुर की उपस्थिति में उप जेल बीजापुर में विचाराधीन बंदियो से मुलाकात कर उनके प्रकरणों से संबंधित कानूनी सहायता प्राप्त करने हेतु विस्तृत जानकारी देते हुये, विचाराधीन बंदियो को विधिक अधिकारो से अवगत कराया गया तथा उन्हे सुप्रीम कोर्ट के प्रावधान के तहत विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि :शुल्क पैरवी करने हेतु वकील की सुविधा के बारे में बताया गया तथा विचाराधीन बंदियों को प्रकरण के प्रत्येक पेशी तिथि को न्यायालय में उपस्थित किये जाने अथवा विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विचाराधीन बंदियों का न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु सहायक जेल अधीक्षक, उप जेल बीजापुर को निर्देशित किया गया तथा विचाराधीन बंदियों के समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

विचाराधीन बंदियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का जवाब देते हुये उन्हे आपराधिक कृत्यो से दूरी बनाते हुये भविष्य में समाज में सामान्य जीवन जीने हेतु मार्ग-दर्शन दिया गया।

## गो पालक संघ गोवंश के साथ रैली निकाल 3 अक्टूबर को करेगा धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गो पालक किसान संघ ने गोवंश के साथ रैली तथा एक दिवसीय धरने को लेकर आगामी रणनीति बनाने हेतु संघ कार्यकारणी की बैठक का आयोजन गीदम में किया। संघ के कार्यकारणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित दंतेवाड़ा द्वारा किसानों के लाखो का दूध का भुगतान पिछले एक साल से लंबित होने के चलते संघ द्वारा दिए गए समय अवधि में प्रशासन भुगतान कराने में असमर्थ रहता है तो वह सैकड़ों की तादाद में गोवंश के साथ किसान सिर पर काली पगड़ी बांधे अपने निर्धारित स्थान से जिला कार्यालय दंतेवाड़ा पहुंच कर एक दिवसीय धरना देगे। गौरतलब है कि गो पालक संघ के अल्टीमेट में 3 अक्टूबर को धरना प्रर्दशन का फैसला लिया गया है। जबकि 3 अक्टूबर का दिन नवरात्रि का प्रथम दिवस है। ऐसे में मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु सैकड़ों पैदल श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ लोगों का आगमन भी होता है। अगर किसान अपनी मांगों को लेकर गो वंश के साथ सैकड़ों की तादाद में गीदम से दंतेवाड़ा पैदल मार्च करते है तो निश्चित रूप से यातायात व्यवस्था को लेकर काफी दिक्कत आना स्वभाविक है। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए की समय रहते गो पालक किसानों की समस्या का समाधान निकाले जिससे सड़को पर होने वाले प्रदर्शन के चलते शासन-प्रशासन की छवि धूमिल होने से बच सके।

## विकसित भारत अभियान के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



कृषि विज्ञान केंद्र गीदम दंतेवाड़ा ने 23 से 27 सितंबर तक विकसित भारत अभियान के अंतर्गत खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर एक विशेष 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक विधियों से परिचित कराना था, ताकि वे खरीफ फसलों की उत्पादकता में वृद्धि कर सकें और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बना सकें। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र दन्तेवाड़ा एवं उपसंचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित जिले के विभिन्न गांवों से आए लगभग 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डिप्रोशन बंजारा ने किसानों को खरीफ फसलों, जैसे धान, मक्का, दालें और अन्य प्रमुख फसलों की उन्नत खेती तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में सुरज पंसारी उपसंचालक कृषि के द्वारा किसानों को विभाग में चल रही योजनाएँ जैसे कि फसल बीमा योजना, धान एवं मिलेटस का बीज उत्पादन, आगामी समय में दलहनी एवं तिलहनी फसलों के बीज उत्पादन का कार्यक्रम, किसानों के जैविक प्रमाण पत्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। केन्द्र के कृषि अभियांत्रिकी के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद द्वारा किसानों को उन्नत किस्मों के बीजों के चयन और कृषि यंत्रों के उपयोग के फायदे भी समझाए गए। वैज्ञानिकों ने किसानों को इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे वे बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल खेती की तकनीकें अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती करने हेतू प्लास्टिक ड्रम वितरित किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र, दन्तेवाड़ा के डॉ. सत्यनारायण सिंग प्रक्षेत्र प्रबंधक, एसके पोड़याम कार्यक्रम सहायक कम्प्यूटर, विनोद कुमार पाण्डे एवं राजकुमार वाहन चालक का योगदान रहा।

## विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



विश्व रेबीज दिवस एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता अभियान है जिसे ग्लोबल एलाइंस फार रेबीज कंट्रोल द्वारा समन्वित किया जाता है और इस अभियान को विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ पशु चिकित्सा स्वास्थ्य संगठनों के द्वारा भी समर्थन दिया जाता है। विश्व रेबीज दिवस प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को वैज्ञानिक लुई पाश्चर की मृत्यु की वर्षगांठ पर मनाया जाता है जिन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सबसे पहले रेबीज का टीका विकसित किया था।

विश्व रेबीज दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जनता एवं जानवरों पर रेबीज के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता बड़ाना एवं रेबीज बीमारी को रोकने के तरीके एवं रेबीज बीमारी ना हो इसके लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं इस संबंध में सभी को अवगत कराना होता है। इस दिवस के उपलक्ष में राजपत्रित पशु चिकित्सा अधिकारी संघ जिला बस्तर एवं वेटरनरी पॉलिटेक्निक जगदलपुर के संयुक्त तत्वाधान में जगदलपुर के जिला पशु चिकित्सालय जगदलपुर के प्रांगण में विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष में पशुओं में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण हेल्थ चेकअप एवं ब्लड चेक अप हेतु सेंपल लिए गए, साथ ही साथ वेटरनरी पॉलिटेक्निक के इंटर्न वाले छात्र छात्राओं को रेबीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राजपत्रित पशु चिकित्सा अधिकारी संघ जगदलपुर के अध्यक्ष डॉक्टर पंचरतन सिंह नेगी ने बताया की ईस आयोजन में 35 पशुपालकों ने अपने पालतू कुत्तों का निशुल्क रेबीज टीकाकरण करवाया एवं उपस्थित रेबीज विशेषज्ञों से सलाह प्राप्त किया एवं अपने पालतू कुत्तों के लिए क्रीमी की दवा भी प्राप्त किया इस अवसर पर रेबीज रोग से संबंधित पाम्प्लेट भी वितरित किए गये। इस अवसर पर वेटरिनरी पॉलिटेक्निक जगदलपुर के प्राचार्य डॉक्टर नितेश कुंभकार भी उपस्थित थे उन्होंने अपना उद्बोधन दिया और रेबीज दिवस की महत्व के बारे में जानकारी दी साथी साथ आज के आयोजन में वेटरिनरी पॉलिटेक्निक के छात्रों का रेबीज रोग के विषय पर ड्राइंग कंपटीशन भी रखा गया था जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने हिस्सा लिया और ड्राइंग बनाया। जिसे विषय विशेषज्ञों ने आकलन करने के पश्चात प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार हेतु छात्रों का चयन किया एवं शांतवना पुरस्कार भी दिया गया।

राजपत्रित जिला पशु चिकित्सा अधिकारी संघ बस्तर के द्वारा पहली बार विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजन किया गया था जिसमें संघ के समस्त सदस्य उपाध्यक्ष डॉ विवेक नायक प्रमुख सलाहकार डॉक्टर आई पी सिंग सर, डॉक्टर अरुण देवांगन सर, डॉक्टर के के देव सर, डॉक्टर पीयूष जैन सर, डॉ ललित बघेल डॉ टीकमचंद नगारची, डॉ योगेश देवांगन एवं संभाग स्तरीय लेब से डॉक्टर मुकेश शर्मा, डॉक्टर शेफाली के साथ-साथ जूनियर डॉक्टर देवेश मेश्राम, डॉ राकेश सोनी डॉक्टर एन के मांझी, डॉक्टर गीतिका, डॉ जागेश्वरी, डॉक्टर उज्जवला महिपाल आदि आदि उपस्थित थे।

# टमाटर, मिर्च लगाकर दीदियां बदल रही है अपनी जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य अब लाभकारी हो चुका है, राज्य सरकार ने विगत वर्ष में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देकर विभिन्न योजनाओं को संचालित किया है और इसका सीधा प्रभाव आज यथार्थ के धरातल पर परिलक्षित है।

परंपरागत खेती में कई बदलावों के साथ अब राज्य के लोग आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के साथ व्यावसायिक तौर पर खेती कर रहे हैं। इसका सीधा लाभ कृषकों को हो रहा है। मुख्यतः धान की खेती के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ राज्य अब शाक सब्जियों की खेती का भी गढ़ बन रहा है। राज्य में सब्जी की खेती का फैलाव अब मैदानी इलाकों से निकलकर पहाड़ों तक हो चला है। खास तौर पर शाक सब्जियों की खेती के साथ वनांचलों के ग्रामीण भी जुड़ रहे हैं। शाक सब्जियों की खेती वर्तमान में बेहद मुनाफे की खेती में परिवर्तित हो गई है। यही नहीं शाक सब्जियों की खेती में स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़े जाने के पहल ने भी कृषि क्षेत्र में भी कई बदलाव लाए है। अगर इसे फायदे के दृष्टिकोण से देखा जाएं तो महिलाओं के बड़े समूहों को घर बैठे रोजगार मिलने के साथ-साथ आर्थिक आमदनी में वृद्धि हुई है इसके अलावा गैर परम्परागत कृषि को प्रोत्साहन मिला। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत झोडियाबाड़म (कलार पारा) जय मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह (बिहान) की दीदी श्रीमती पीला बाई सेठिया, एवं श्रीमती मालेश्वरी सेठिया ने भी समूह से जुड़कर अपने कृषि कार्य को एक नयी दिशा दी है। ये दीदियां भी अन्य ग्रामीण महिलाओं की तरह पारंपरिक खेती पर निर्भर थी। स्पष्ट है कि इससे उनकी आय भी सीमित रहती थी। फिर उन्होंने बिहान योजना से जुड़ कर बैंक लिंकेज करवाकर ने अपनी आय बढ़ाने और खेती में कुछ नया करने का निर्णय लिया। सर्वप्रथम उन्होंने उन्नत किस्म के टमाटर, मिर्ची को अपनाया जो अधिक उत्पादक और कीटों के प्रति प्रतिरोधी थीं। फिर ड्रिप इरिगेशन तकनीक माध्यम से उन्होंने पानी की बचत और पौधों को सही मात्रा में पानी देने की विधि अपनाई इससे ने केवल उत्पादन में वृद्धि हुई साथ ही साथ पानी का सही उपयोग भी हुआ। इसके अलावा श्रीमती पीलाबाई एवं श्रीमती मालेश्वरी सेठिया ने ऑर्गेनिक खेती की तरफ भी ध्यान दिया और उन्होंने रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद का उपयोग शुरू किया, जिससे उनकी फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई और बाजार में उनके उगाए टमाटर की मांग बढ़ी। इसके साथ ही उन्होंने ''मल्चिंग तकनीक'' (प्लास्टिक कवर का उपयोग) विधि अपना कर टमाटर, मिर्च की क्यारियों में मिट्टी की नमी को बनाया रखकर खरपतवार नियंत्रित भी किया।

इससे भूमि की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिली और उनकी टमाटर, मिर्च की फसल को अतिरिक्त लाभ हुआ। इन महिलाओं के कृषि पहल से प्रेरित होकर समूह के अन्य दीदियां भी लघु स्तर पर शाक सब्जियों की खेती कर रही है। बहरहाल इन दीदियों ने शाक सब्जियों के खेती में अपने लिए अतिरिक्त आय का जरिया को तलाश कर एक प्रगतिशील महिला कृषक का दर्जा हासिल कर लिया है।

## स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग को समन्वय करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने ऑनलाइन लिंक के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस ऑनलाइन बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए केंद्र और राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित फ्लैगशिप कार्यक्रमों के मिशन, पखवाड़ों के संचालन के संबंध में कहा कि समस्त विभाग उपरोक्त कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए अपनी भागीदारी देवें।

उन्होंने यह भी कहा कि विगत दिवस रायपुर में हुए कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में यह पाया गया कि कुछ विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले की रेकिंग अपेक्षानुरूप नहीं रही। अतः ऐसे विभाग अलर्ट मोड में अपनी रैंकिंग सुधारने के लिए जुट जाएं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मूलभूत सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय कर ठोस कार्यवाही करने को भी कहा।

इसके अलावा कलेक्टर ने सीएसआर मद के तहत उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, इस सत्र में कक्षा 1 से 12 तक जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को शत-प्रतिशत करने, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग द्वारा निकाले गये रिक्त पदों के भरने में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता एवं पारदर्शिता पूर्ण नियुक्ति, छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण तथा चश्मे दिये जाने के संबंध में भी संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले में संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर मिश्रा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर द्वारा जल जीवन मिशन योजना के प्रगति की समीक्षा किया गया।

विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया की जिन ग्रामों में पाईप लाईन विस्तार घरेलू नल कनेक्शन तथा सोलर कार्य पूर्ण हुए है उन ग्रामों में ठेकेदारों से तत्काल सोलर से पाईप लाईन जोड़कर योजना का लाभ ग्रामवासियों को दिया जावें। उसी प्रकार जिन ग्रामों में योजनाओं के कार्यादेश जारी किये गये है उन्हें तत्काल प्रारंभ कराकर गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करावें और जिन ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा के अंदर कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे है उनके अनुबंध निरस्त किये जाने की कार्यवाही करने तथा कलेक्टर द्वारा प्रगतिरत आरसीसी टंकी, हर-घर जल प्रमाणीकरण शीघ्रतापूर्वक कराये जाने के निर्देशित किये गये।

जिले में प्रायः सभी योजनाएं सोलर आधारित है, इन योजनाओं में स्वीकृत सोलरों को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु क्रेडा के सहायक अभियंता को भी निर्देशित किये गये और जिले में जल जीवन मिशन के संचालन हेतु इम्पैनल्ड टीपीआई तथा आईएसए एजेंसी को भी सौंपे गये कार्य गुणवत्तायुक्त सम्पादन किये जाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में कार्यपालन अभियंता सहदेव राम नेताम, उपअभियंता, समस्त जिला समन्वयक, टीपीआई, आईएसए एजेंसी एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गिरहोला में पोषण माह के तहत मनाया वजन त्योहार

**चारामा।** गिरहोला आंगनबाड़ी में 1 से लेकर 30 सितंबर तक पोषण माह और वजन त्यौहार 30 सितंबर मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण दिवस मनाने का उद्देश्य हर घर पोषण का महत्वता और स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक करने के लिए इसके माध्यम से कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए हर वर्ग के लोग कुपोषण, बौनापन, एनीमिया छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोरियों में के स्तर को कम करना है। कम वजन वाले बच्चों की अन्य समस्याओं को कम करना है। रैली निकाल कर पोषण आहार तैयार कर पौटिक भोजन बना कर प्राक्रितिक, भ्रमणकर, वृद्धि माप का अनुश्रवण कर, स्तनपान का महत्व बताकर, खेल भी पढ़ाई भी केदारक उसका महत्व बता कर, सभी को अवगत करवाया गया।

### साल्हेटोला में स्वच्छता अभियान चलाया, किया पौधारोपण



**दुधावा।** सरोना तहसील के ग्राम साल्हेटोला में स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण भी किया गया। साल्हेटोला में कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों और दुधावा चौकी के पुलिस अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सेफ्टी मैनेजर उमेश कुमार ने बताया कि बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन का धरती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खेती और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पारंपरिक पौधों की विलुप्ति की समस्या पर भी ध्यान केंद्रित किया और कहा कि इन्हें बचाने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। ग्रामीणों से अपील की कि वे शौचालय का उपयोग करें और खुले में शौच करने से बचें, क्योंकि इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता है। कार्यक्रम में आरयू विश्वकर्मा, रूप किशोर, प्रेमलाल मरकाम, कविता सिन्हा और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विपश्यना ध्यान साधना शिविर 22 दिसम्बर से

**जगदलपुर।** शहर के अग्रेसन भवन में 22 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच विपश्यना ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह 10 दिवसीय आवासीय अस्थाई शिविर होगा। विपश्यना ध्यान साधना विधि के दैनिक जीवन में कई लाभ है जैसे मानसिक विकारों राग, द्वेष, मोह, भय, अहंकार आदि से मुक्ति, दुख मुक्ति, मन की वास्तविक शांति, पल-प्रतिपल सत्य दर्शन, मानसिक तनावों से मुक्ति, चरित्र निर्माण मन पर नियंत्रण आत्म दर्शन, अंधभक्ति से छुटकारा, सर्वमंगल आदि।

**पर्व : ब्लाक स्तरीय नवाखाई मिलन समारोह के भव्य आयोजन में सामाजिक एकता पर दिया जोर**

# ठाकुर जोहारनी व नवाखाई मिलन समारोह को रेला पाटा नृत्य ने अविस्मरणीय बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर के गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज द्वारा नवाखाई मिलन समारोह एवं ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर क्षेत्र भर के गायता, पटेल,पुजारी गुनिया ,बैगा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुँच कर नवा खाई मिलन समारोह एवं ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम का प्रत्यक्षदर्शी हुए। समाज द्वारा अतिथियों एवं भूमिका निभाने वाले प्रमुखों का आदिवासी मूलनिवासी संस्कृति के अनुसार स्वागत सत्कार किया गया जो अविस्मरणीय रहा। क्षेत्र के आदिवासी पारंपरिक नर्तक दलों द्वारा पारम्परिक रूप से रेला पाटा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

वीरेंद्र सिंह ठाकुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आपके समाज को देखकर मुझे गर्व होता है। सुख, दुख जो भी कार्य होता है वहा पर समाज एक होकर बड़े से बड़े कार्य को कर दिखाते है। आपकी समाजिक एकता की भावना सराहनीय है। आदिवासी गोडवाना समाज प्राकृतिक के पूजक व आराधक होते है।

सुनाराम तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने कहा कि गोडवाना आदिवासी समाज धीरे-धीरे आगे बढ़ते जा रहे है। पहले ठाकुर जोहरानी पर्व पर ऐसी एकता देखने को नही मिल रहा था लेकिन अब समाज मे आपसी एकजुटता भाई चौरा देखने को मिल रहा है। इनके अलावा शिक्षा, संस्कृति व पेशा कानून व सामाजिक विषयों पर अपना विचार रखे। राधेलाल नुरूटी बीआर सी ने कहा कि जो भी हमर नवा फसल आते है उसे ईष्ट देव महादेव को अपर्ण कर नवाखाई पर्व मनाते आ रहे है। समाज मे पहले संगठन की अभाव के कारण एकजुटता नही दिखती थी लेकिन विगत कुछ सालों से समाज के नया गठन से एकरूपता आई है। उन्होंने ने समाज मे हो रही धर्मान्तरण पर कहा कि थोड़े से प्रलोभन में आज दूसरे समाज मे जा रहे है उसे हम सभी को मिलकर रोकना होगा। युवा वर्ग नशा कि चपेट में आ रहे है उनके रोकथाम एवं शिक्षा के क्षेत्र भी समाज पिछड़ते जा रहे है जो कि सोचनीय विषय है।

उन्होंने ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी जंग नही जीती जा सकती है। इन विकारों को दूर करेंगे तभी समाज का विकास व उन्नति संभव है। राजेश भास्कर जिला अध्यक्ष गोंडवाना समाज,शिव तूमरेटी,विकेश हिचामी,हरिचंद कावड़ो अध्यक्ष गोडवाना समाज एवं कोमल हुपेंडी सहित अन्य लोगो ने अपनी विचार रखे। कार्यक्रम का मंच संचालन काशी राम दर्रो के द्वारा किया गया। वही मुख्य अतिथि के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए लोगो को सम्मानित भी किया गया।





### नवाखाई पर्व हमारी संस्कृति का हिस्सा : सावित्री मंडावी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी एवं अतिथियों के द्वारा विधि विधान से बूढ़ादेव की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस अवसर पर विधायक गोडवाना भवन में शेड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की गई। विधायक सावित्री मंडावी ने सभी को नवाखाई की बधाई देते हुए कहा कि नवाखाई पर्व हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आत्मिक भाव से एक दूसरे का सहयोग करते हुए समाज को आगे बढाने का काम करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा शिक्षा बेहद जरूरी है सभी अपने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दे। उन्होंने कहा गर्व है कि बात है कि हम आदिवासी है। आप लोगो के सहयोग व आशीर्वाद से मैं बहुत बड़े पद पर बैठी हूँ आदिवासी समाज शुरू से ही जल, जंगल, जमीन, प्राकृतिक के पुजारी है। उन्होंने समाज को संगठित व एकत्रित रखने की बात कही तभी समाज उन्नति व विकास करेगा। वही शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि आज समाज मे अधिकांश बेटी 10 वी व 12 वी तक कि पढ़ाई कर छोड़ देते है। शिक्षा को आगे बढ़ाना है। शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नही है।दुनिया मे शिक्षा ही एक मात्र ऐसा हथियार है जिसके माध्यम से आगे बढ़ा जा सकता है। वही समाज मे बढ़ते हुए नशा की रोकथाम के लिए युवा वर्ग को आगे आने की बात कही गई ताकि समाज का विकास हो सके।

### आदिवासी समाज की एकता ही है पहचान : पाढ़ी

*सुनील बबला पाढ़ी अध्यक्ष नगर पंचायत ने कहा कि आदिवासी समाज सामाजिक एकता को प्रदर्शित करती है। समाज की सोच नेक व पवित्र है, निरन्तर समाज उन्नति की ओर अग्रसर हो रही है। अन्न कूट का विशेष महत्व है जिसके बिना जीवन जीना नामुमकिन है। उसका विशेष पर्व मनाया जाना आदिवासियों की संस्कार में है। जिसको भुलाया नहीं जा सकता नये अन्न जिसे इष्ट देव को अर्पित करते हुए परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए यहाँ एकत्र हुए हैं।हम सभी को सामाजिक एकता बढ़ाने का संकल्प लेकर कार्य करना होगा।*

## प्रांतीय कार्यक्रम में 200 परियोजनाओं की प्रदर्शनी





### सेजेस भानुप्रतापपुर के छात्रों ने डिजिटल साइन बोर्ड, हाइपरबोला एवं गार्बेज फ्री विलेज का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नीति आयोग द्वारा बिलासपुर स्मार्ट सिटी और नगर प्रशासन के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्य भर के एटीएल स्कूलों की 200 से अधिक नवीन परियोजनाओं की प्रदर्शनी स्व. बीआर यादव बहतराई स्टेडियम, बहतराई बिलासपुर में लगाई गई, जिसका रविवार को समापन हुआ।प्रदर्शनी में कांकेर जिला अंतर्गत भानुप्रतापपुर ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भानुप्रतापपुर के प्राचार्य पी आर भारद्वाज , व्याख्याता प्रवीण कुमार साहू एवं व्याख्याता संध्या घोष के मार्गदर्शन में तान्याश्री मढरिया, आदित्य श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, शौर्य श्रीवास्तव, जयेंद्र भूआर्य, ध्रुव साहू, आदित्य श्रीवास्तव(२), मेघा साहू, प्रतिष्ठा मंडल , फिजेश्वरी भुआर्य ने राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल डिजिटल साइन बोर्ड, हाइपरबोल, एवं गार्बेज फ्री विलेज का प्रदर्शन किया।



## शहीदे आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई

**भानुप्रतापपुर।** भोंड़िया बाजार पारा अटल चौंक में महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती मनाया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को बताया गया कि भगत सिंह का जन्म 27 सितंबर 1907 को लायलपुर जिले के बंगा में हुआ था, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा और राष्ट्रीय नायकों में से शहीद भगत सिंह का रविवार 117वीं जयंती है। भगत सिंह का नाम भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा हुआ है। भगत सिंह की जन्म तिथि को भारत भर में गर्व और श्रद्धांजलि से याद किया जाता है। आज पूरा देश भारत मां के वीर सपूत शहीद-ए-आजम भगत सिंह को उनकी जयंती पर नमन कर रहा है। आज भी शहीद भगत सिंह का व्यक्तित्व और उनके विचार हर भारतीय खासतौर पर युवाओं के दिल में धड़कते हैं। इस खास मौके पर भोंड़िया के सरपंच राजकुमार दर्रो, प्रवीण चांदनाग, प्रदीप भुवार्य , श्रवण राणा, तामेश भंडारी , तरुण नेताम , अजीत मण्डावी, शैलेश तिवारी, निकेत मरकाम, आशीष तिवारी, गजराज उयके, कु.भूमिका उसेण्डी, ज्योति दीवान, प्रियंका दर्रो, वर्षा भुवार्य एवं समस्त ग्रामवासियों उपस्थित रहे।

### कुसुम पेड़ में फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत तेतागोंदी व रानवाही के जंगल में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अस्तरा निवासी 40 वर्षीय सोहनलाल कावड़े ने फांसी गलाकर आत्महत्या कर लिया। अस्तरा निवासी 50 वर्षीय भारत राम कावड़े ने बताया कि मृतक का दिमागी हालत ठीक नही था। कुसुम पेड़ मे 27 सितंबर को फांसी लगाकर अत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## लोन का किस्त वसूलने कंपनी ने की अभद्रता, त्रस्त महिलाएं पहुंचीं थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




निजी कंपनियों के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को दिया गया लोन का किस्त वसूलने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। जिसको लेकर गाँव के महिलाओं ने विरोध किया है। मुल्ला, चीजगांव,पीछेकट्टा एवं दाबकट्टा क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिलाओं ने रविवार को थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराया है। इन कंपनियों के पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न गांव के महिलाओं से किस्त की राशि वसूलने को लेकर तरह-तरह की दबाव बनाया जा रहा है।

जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं में चिंता का माहौल बना हुआ है। विरोध करते हुए लोन लिए महिलाओ ने बतायाा कि कंपनी के अधिकारियों द्वारा मनमानी ढंग से आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिससे हमलोग मानसिक रूप से पीड़ित हैं। महिलाओं ने बताया कि विकट परिस्थितियों में भी कंपनी के द्वारा लोन का किस्त वसूलने को लेकर बार-बार दबाव दिया जा रहा है।

### सामानों को जबरदस्ती उठाकर ले जाते हैं

भानुप्रतापपुर एवं दल्ली ब्रांच स्मॉल फायनेंस एवं माइक्रो फायनेंस रिकवरी एजेंट द्वारा महिलाओं के घरो में जाकर तथा मोबाईलों के माध्यम से मानसिक परेशान किया जा रहा है, और क्रस्ति नहीं पटाने पर घरेलू सामान जैसे गैस टंकी, इंडक्शन, मोबाईल सहित अन्य सामानों को जबरदस्ती उठाकर ले जाते हैं। महिला छरकीन उइके, रेवती मंडावी, बसंता मंडावी, मीना नरेटी, संघु नरेटी, यामिनी, सुमित्रा टेकाम, मालती उसेन्डी, कुसुमलता, सविता कावड़े, पूनम मंडावी, सुमित्रा उसेन्डी, राजबती, गीतेश्वरी, दीपिका दर्रो, रूखमणी उसेन्छी, नीरा, कमलेश्वरी, शकुन बाई रविना यादव, ललिता कावडे, गुणेश्वरी, पूर्णिमा, बगेश्वरी, कामेश राणा, सुदामा सोरी, अमरो बाई दुग्गा, अनेश्वरी सोरी, सुशील बगन्द, रियाना बेगम , जाय बत्ती कोमरा, मनसो, हेमिन सोरी ने बताया की बैंक फाइनेंस कंपनी ईसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक, युनिटी स्मॉल फायनेंस बैंक, एक्सिस बैंक लि., फाईनकेयर स्मॉल फायनेंस बैंक, भारत फायनेंस, स्पन्न फाइनेंस,, वंदना फायनेंस सहित अन्य फायनेंस कंपनी द्वारा जिनका ब्रांच भानुप्रतापपुर एवं दल्लीराजहरा में उन्होंने कर्ज लेने के लिये किसी को भी बोला गया जो महिलाएं लोन पटाने में सक्षम नही थे उन्हें भी लोन दे दिया गया है और अब पटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। दो चार दिन लेट हो जाने पर सामान उठाकर ले जाते हैं। उन्होंने बताया गांव के एक परिवार ने तो गांव छोड़कर ही चले गए।

### थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को दी समझाइश

*थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने शिकायत लेकर पहुँची महिलाओं और लोन दिए कम्पनी के एजेंटो के साथ बैठक कर जानकारी ली फिर दोनो पक्ष को समजाइस दिया। उन्होंने लोन एजेंटों से कहा आप लोग दबाव पूर्वक वशूली ना करें और समय का ध्यान रखे अल सुबह या रात्रि में किसी के घर ना जाए ऑफिस समय पर ही रिकवरी करे थाना प्रभारी ने हिदायत दी है कि किसी के साथ भी गाली गलौज ना करें। वहीं महिलाओं से भी कहा आप लोग लोन लिए है तो समय पर चुकाए एक दों दिन लेट जाए उन्हें समय मांगे।*

## ओपन स्कूल परीक्षा के लिए मिलेगा अब तीसरा मौका

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल में अब 10वीं और 12वीं की मुख्य व अवसर परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित होगी। तीसरी परीक्षा नवंबर माह में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए आवेदन फार्म भरना शुरू हो गए हैं। इसमें सामान्य क्रेडिट, आरटीडी और अवसर के परीक्षार्थी शामिल हो सकते हैं। ओपन स्कूल की तृतीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 5 अक्टूबर निर्धारित है। 6 से 10 अक्टूबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकता है। आवेदन ऑनलाइन पद्धति और अध्ययन केंद्रों के माध्यम से भरे जाएंगे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**भाजपाइयों ने सुनी मन की बात और कहा-राष्ट्र हित का है संदेश**

# पीएम मोदी के मन की बात में देश हित की चिंता और कार्ययोजना का मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को एलइडी के माध्यम से सुना। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनकर कार्यक्रम उपरांत कहा कि सभी देशवासियों को पीएम मोदी के इस कार्यक्रम को देखना व सुनना चाहिए। ताकि प्रत्येक नागरिक को यह पता लग सके कि हमारे देश के प्रधानमंत्री की देश हित में क्या कार्य योजना है और कोरोना महामारी से देश को बचाने के लिए वह कितना चितन मनन कर रहे। शक्ति केन्द्र केवटी के ग्राम पंचायत पंडरी पानी पोलिंग बूथ 115 में 29 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 114 वा मन की बात का एपिसोड देखा एवं सुना गया साथ ही मन की बात के 10 साल बेमिसाल इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के द्वारा अपने संबोधन में कहा कि देश की धरोहरों को तस्करी करने ले जाया गया भारत मैन्युफैक्चरिंग का पावर हाउस बना हुआ है संथाली भाषा के संरक्षण पर काम हो रहा है संथाली भाषा की डिजिटल पहचान देश के 20000 भाषण और बोलियां बोली जाती हैं हमें अपनी विरासत पर कर होना चाहिए इनमें कई कलाकृतियां 4000 साल पुरानी है एक पेड़ मां के नाम अभियान अद्भुत है 26 करोड़ से ज्यादा पौधे देश में लगाए गए हैं साथ ही राजस्थान में 6 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं वहीं यूपी में भी 26 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गया है साथी सदस्यता अभियान की भी चर्चा उपस्थित लोगों से की गई वह भाजपा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया ताकि एक सशक्त राष्ट्र बन सके! इसके पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गांव में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया जिसमें गड्ढो को मुर्म के द्वारा पाटा गया । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष केवटी शक्ति केन्द्र प्रभारी हेम सोनवानी युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र ध्रुव युवा मोर्चा के सक्रिय कर्मठ नेता राहुल सिंह धुन्ने सूबे सिंह मांडवी समधर उइके भरमा कोमरा बलदेव मांडवी लक्ष्मण कुमरा धन सिंह चुरपाल भुनेश दुग्गा राजेश शिवपाल नरेश कोमरा सेनसिंहकोमरा उत्तम हुर्रा ऋषि हुर्रा हेमलाल उइके गौतम मांडवी मनोज कुमार दीपेश उइके एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नाबालिग ने लगाई फांसी जांच जारी, कारण अज्ञात

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सम्बलपुर निवासी 17 वर्षीय टकेश्वर ठाकुर ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सम्बलपुर निवासी 44 वर्षीय कमलेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

